# Daily Current Affairs

Date : 06 September, 2025

CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह – 2025 |
| 2. | राजस्थान में ऑन डिमांड एग्जाम सिस्टम लॉन्च |
| 3. | साउथ-ईस्ट एशिया में वल्चर (गिद्ध) की सबसे बड़ी ब्रिडिंग कॉलोनी : मुकुंदरा |
| 4. | नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) 2025 में राजस्थान |
| 5. | NFSA के तहत गिव अप अभियान |
| 6. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. 'डिजिटल ट्विन' पहल<br>2. VMOU कोटा के नए कुलगुरु : प्रोफेसर बी.एल. वर्मा<br>3. राजस्थान में पहली बार लेन सिस्टम लागू<br>4. राजस्थान के प्रमुख जन जागरूकता अभियान |
| 7. | अंगीकार अभियान, 2025 |
| 8. | सिंगापुर के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा |
| 9. | भारत की पवन ऊर्जा क्षमता |
| 10. | मेथान्डिएनोन लॉन्ग-टर्म मेटाबोलाइट (LTM) : रेफरेंस मटेरियल |
| 11. | महत्त्वपूर्ण खनिज पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहन योजना |
| 12. | राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) इंडिया रैंकिंग, 2025 |
| 13. | भारत का पहला वल्चर नॉलेज पोर्टल (गिद्ध ज्ञान पोर्टल) : असम |
| 14. | थाईलैंड के नए प्रधानमंत्री : अनुतिन चार्नविराकुल |
| 15. | राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, 2025 |
| 16. | 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप, 2025 |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह – 2025

### चर्चा में क्यों?

- राष्ट्रीय शिक्षक दिवस (05 सितंबर) के अवसर पर जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में 'राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- **वर्ष 2025 के लिए सम्मानित कुल शिक्षक** : 75 (66 शिक्षकों का चयन मेरिट और 9 का सरकार के स्तर पर चयन किया गया)
- **सर्वाधिक :** झुंझुनू और फलौदी जिले से सबसे अधिक 6-6 शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जबकि 41 में से 13 जिलों में किसी भी श्रेणी में एक भी शिक्षक का चयन नहीं हुआ।
- **संबंधित विभाग :** शिक्षा विभाग, राजस्थान।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर 'मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान' के तहत प्रखर राजस्थान 2.0 अभियान (रीड टू लीड) का शुभारंभ किया गया।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- **नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशभर से चयनित 45 उत्कृष्ट शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया।**
- **समारोह में राजस्थान के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय टपूकड़ा (खैरथल-तिजारा) की प्रिंसिपल नीलम यादव को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।**
- **नीलम यादव के प्रयासों से विद्यालय शिक्षा में नामांकन वृद्धि, सह-शैक्षणिक गतिविधियों में राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां, विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम में महत्त्वपूर्ण सुधार, भामाशाहों और CSR के सहयोग से डिजिटल लैब, आधुनिक तकनीकी की सहयोग से स्कूल लैब के आधुनिकरण और स्मार्ट क्लासों के आयोजन से बच्चों के शैक्षणिक विकास को गति देने जैसे महत्त्वपूर्ण सुधार हुए।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान में ऑन डिमांड एग्जाम सिस्टम लॉन्च

## चर्चा में क्यों?

- राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जयपुर से 'ऑन डिमांड एग्जाम सिस्टम' लॉन्च किया गया।



## मुख्य बिन्दु:

- इसके तहत वे विद्यार्थी, जो बोर्ड या पूरक परीक्षा में असफल हो जाते हैं, उसी वर्ष उत्तीर्ण होने का अवसर पा सकेंगे।
- राजस्थान इस प्रकार की व्यवस्था लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। इस परीक्षा में देश के 75 बोर्डों में 10वीं व 12वीं में फेल होने वाली विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे
- इस सिस्टम के प्रारम्भिक चरण में अक्टूबर, 2025 में जयपुर, उदयपुर और बीकानेर संभाग की डाइट में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। वहीं आगामी सत्र में प्रदेश के 41 जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## साउथ-ईस्ट एशिया में वल्चर (गिद्ध) की सबसे बड़ी ब्रिडिंग कॉलोनी : मुकुंदरा

### चर्चा में क्यों?



- कोटा स्थित मुकुंदरा हिल्स में साउथ-ईस्ट एशिया में वल्चर की सबसे बड़ी ब्रिडिंग कॉलोनी स्थित है।

### मुख्य बिन्दु:

- अब तक इस क्षेत्र में गिद्धों की 7 प्रजातियाँ पहचानी गई है तथा वर्तमान में चंबल क्षेत्र में 1500 से भी ज्यादा इंडियन वल्चर है।
- गिद्धों की ये प्रजातियाँ चम्बल की कराइयों में ब्रीडिंग करती है। गिद्धों को प्राकृतिक सफाईकर्मी कहा जाता है, क्योंकि ये जंगलों व आबादी के आसपास मृत जानवर खाते हैं।
- वर्तमान समय में डाइक्लोफेनाक (Diclofenac) गिद्धों की घटती संख्या के लिए प्रमुख रूप से उत्तरदायी कारक है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**डाइक्लोफेनाक (Diclofenac):**

- डाइक्लोफेनाक (Diclofenac) एक नॉन-स्टेरॉयडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग (NSAIDS) है। इस ड्रग्स को वर्ष 2006 में भारत सरकार द्वारा पशु चिकित्सा उपयोग के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया लेकिन अभी भी पूरे देश में इस ड्रग्स का व्यापक स्तर पर इस्तेमाल होता है।
- पूरे एशिया में गिद्धों की आबादी में गिरावट (99 प्रतिशत) के लिये यही ड्रग्स जिम्मेदार है।
- डाईक्लोफेनाक और एसिक्लोफेनाक का विकल्प मेलॉक्सिकैम और टोल्फेनामिक एसिड है।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- भारत अफ्रीकी-यूरेशियन गिद्धों के संरक्षण के लिए प्रवासी प्रजातियों की बहु-प्रजाति कार्ययोजना पर कन्वेंशन का भी हस्ताक्षरकर्ता है, जो नॉन-स्टेरॉयडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग (NSAIDS) को भारत में गिद्धों के लिए एक बड़े खतरे के रूप में मान्यता देता है।
- भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (IVRI) इज्जतनगर, उत्तर प्रदेश (1889 में स्थापित) पशुधन अनुसंधान और विकास के लिए समर्पित प्रमुख अनुसंधान संस्थानों में से एक है।

### भारत में गिद्धों की 9 प्रजातियाँ:

- ओरिएंटल व्हाइट बैक्ड (Oriental White Backed), लॉन्ग बिल्ड (Long Billed), स्लेंडर-बिल्ड (Slender Billed), यूरेशियन ग्रिफॉन (Eurasian Griffon), रेड हेडेड (Red Headed) या एशियन किंग वल्चर, हिमालयन (Himalayan), इजिप्शियन (Egyptian), बियरडेड (Bearded) और सिनेरियस (Cinereous) पाई जाती है।
- बर्ड लाइफ इंटरनेशनल द्वारा आयोजित गिद्धों की गणना के अनुसार, देश में गिद्धों की आबादी वर्ष 2003 में 40,000 से वर्ष 2015 में 18,645 हो गई।
- **वल्चर एक्शन प्लान- 2020-2025:** राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड (NBWL) द्वारा गिद्धों के संरक्षण के लिए मंजूरी, जिसके तहत गिद्धों के लिए जहर बन रही मवेशियों के इलाज में प्रयोग की जाने वाली दवाओं को भारत के ड्रग कंट्रोलर जनरल द्वारा प्रतिबंधित किया जाएगा।
- इस कार्ययोजना में उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु में गिद्ध संरक्षण और प्रजनन केन्द्रों की स्थापना का भी प्रावधान किया गया है।
- वल्चर एक्शन प्लान 2020-2025 में एसिक्लोफेनाक को 'टॉक्सिक' के रूप में भी उल्लेख किया गया है, जिसमें ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) से निमेसुलाइड और केटोप्रोफेन जैसी अन्य दवाओं के साथ-साथ इसके पशु चिकित्सा उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए कहा गया है।
- **अंतरराष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस:** प्रति वर्ष सितंबर माह के पहले शनिवार को अंतरराष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस मनाया जाता है। पहला अंतरराष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस सितंबर, 2009 में मनाया गया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) 2025 में राजस्थान

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) 2025 में राजस्थान का कोई भी विश्वविद्यालय टॉप-100 में स्थान नहीं बना पाया।


Ministry of Education
Government of India
INDIA RANKINGS 2025
National Institutional Ranking Framework
nirf
Overall

| | |
|---|---|
| Indian Institute of Technology Madras | 1 |
| Indian Institute of Science, Bengaluru | 2 |
| Indian Institute of Technology Bombay | 3 |
| Indian Institute of Technology Delhi | 4 |
| Indian Institute of Technology Kanpur | 5 |
| Indian Institute of Technology Kharagpur | 6 |
| Indian Institute of Technology Roorkee | 7 |
| All India Institute of Medical Sciences, Delhi | 8 |
| Jawaharlal Nehru University, New Delhi | 9 |
| Banaras Hindu University, Varanasi | 10 |

## मुख्य बिन्दु:

- **राजस्थान के शिक्षण संस्थानों की ओवरऑल रैंकिंग:** राजस्थान के केवल चार शिक्षण संस्थान ओवरऑल श्रेणी में शामिल हुए है।

| संस्थान का नाम | ओवरऑल रैंक |
|---|---|
| बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी | 16वीं |
| भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर | 66वीं |
| मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर | 77वीं |
| मणिपाल यूनिवर्सिटी, जयपुर | 98वीं |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### श्रेणी वार राजस्थान के शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग:

| श्रेणी का नाम | संस्थान का नाम | रैंक |
|---|---|---|
| मेडिकल | एम्स जोधपुर | 19वीं |
| इंजीनियरिंग | BITS पिलानी | 11वीं |
| मैनेजमेंट | IIM उदयपुर | 21वीं |
| शोध | BITS पिलानी | 18वीं |
| विश्वविद्यालय | BITS पिलानी | 7वीं |
| फार्मेसी | BITS पिलानी | 2वीं |
| विधि | मणिपाल यूनिवर्सिटी, जयपुर | 32वीं |

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# NFSA के तहत गिव अप अभियान

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा गिव अप अभियान की अवधि को 31 अक्टूबर, 2025 तक बढ़ाए जाने की घोषणा की गई।

## मुख्य बिन्दु:

- राजस्थान में 'गिव-अप अभियान' राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (NFSA) के तहत उन लाभार्थियों को प्रोत्साहित करता है, जो स्वत: ही इस योजना से बाहर निकलकर अपने स्थान पर पात्र व्यक्ति को मौका दे सकें, ताकि संसाधनों का अधिक बेहतर वितरण हो सके।
- इस अभियान की शुरुआत 1 नवंबर, 2024 को हुई।
- अब तक गिव अप अभियान में लगभग 31 लाख अपात्र लोगों द्वारा स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ी गई है। इससे बनी रिक्तियों व ई-केवाईसी नहीं करवाने से लगभग 60 लाख नए पात्र लाभार्थी खाद्य सुरक्षा से जुड़े है।
- इन नये लाभार्थियों को प्रतिमाह 5 किलोग्राम नि:शुल्क गेंहू के साथ मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के तहत 450 रुपये में प्रति परिवार प्रतिवर्ष 12 घरेलू गैस सिलेण्डर, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में परिवार का नि:शुल्क पंजीकरण एवं 25 लाख रुपये तक का नि:शुल्क इलाज तथा मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना में परिवार का 10 लाख रुपये तक का नि:शुल्क दुर्घटना बीमा कवर का लाभ मिल रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) 2013:

- खाद्यान्न की दृष्टि से विश्व की सबसे बड़ी जन कल्याणकारी योजना के रूप में वर्ष 2013 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के द्वारा देश की 75 प्रतिशत ग्रामीण आबादी और 50 प्रतिशत शहरी आबादी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार द्वारा इसकी शुरुआत की गई।

NFSA के तहत निम्नलिखित माध्यमों से खाद्यान्न उपलब्ध करवाया जाता है:

- **अंत्योदय अन्न योजना :** यह सबसे गरीब आबादी को कवर करती है। इसके तहत प्रति परिवार प्रति माह 35 किलोग्राम खाद्यान्न उपलब्ध करवाया जाता है।
- **प्राथमिकता वाले परिवार (PHH):** PHH श्रेणी के अंतर्गत शामिल परिवार को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलोग्राम खाद्यान्न उपलब्ध करवाया जाता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **'डिजिटल ट्विन' पहल**<br>■ हाल ही में, राजस्थान में बिजली तंत्र को स्मार्ट ग्रिड मैनेजमेंट में बदलने और डिजिटलाइजेशन करने संबंधी एक पहल की शुरुआत की गई, जिसे 'डिजिटल ट्विन' पहल का नाम दिया गया है।<br>■ राजस्थान इस तरह की पहल करने वाला देश का पहला राज्य है। इसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (AI), मशीन लर्निंग जीओ स्टेटिक अपनाई जा रही है। पूरे तंत्र की जीओ टैगिंग हो रही है। जयपुर डिस्कॉम ने तीन सर्किल कोटपुतली, भिवाड़ी और अलवर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरुआत की है। |
| 2. | **VMOU कोटा के नए कुलगुरु : प्रोफेसर बी.एल. वर्मा**<br>■ हाल ही में, राजस्थान के राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने प्रोफेसर बी.एल. वर्मा को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के कुलगुरु पद पर नियुक्त किया।<br>■ कुलगुरु पद पर यह नियुक्ति प्रोफेसर बी.एल. वर्मा के कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक (जो भी पहले हो) के लिए की है। |
| 3. | **राजस्थान में पहली बार लेन सिस्टम लागू**<br>■ राजस्थान में लेन सिस्टम पहली बार राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 (NH 48) पर लागू किया गया है, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और यातायात को सुरक्षित बनाना है।<br>■ इसके तहत तीन फेज में विशेष अभियान चलाया जाएगा। पहले चरण में नेशनल हाईवे 48 पर चंदवाजी से शाहजहांपुर तक 125 किलोमीटर लंबे प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| 4. | **राजस्थान के प्रमुख जन जागरूकता अभियान** |
|---|---|
| | ▪ **ऑपरेशन अनामिका** - जैसलमेर जिला प्रशासन द्वारा बिना नाम की गाड़ियों की पहचान हेतु चलाया गया अभियान।<br>▪ **ऑपरेशन अलर्ट** – अगस्त, 2024 में भारत-पाक सीमा पर BSF का अभियान।<br>▪ **कंज्यूमर केयर अभियान** - उपभोक्ता मामलों के विभाग की पहल।<br>▪ **साइबर वज्र प्रहार** - राजस्थान पुलिस द्वारा साइबर ठगी की रोकथाम के लिए चलाया गया अभियान।<br>▪ **ऑपरेशन क्लीन स्वीप** – श्री गंगानगर पुलिस का नशा और तस्करी के खिलाफ चलाया गया अभियान।<br>▪ **ऑपरेशन निर्भय** - अपराधियों पर कार्रवाई के लिए भरतपुर पुलिस द्वारा चलाया गया अभियान।<br>▪ **ऑपरेशन समानता** - बूंदी प्रशासन का राज्य सरकार की 100 दिवसीय कार्ययोजना में शामिल अभियान।<br>▪ **ऑपरेशन ब्लैक थंडर** - अवैध निजी अस्पतालों पर कार्रवाई हेतु चलाया गया अभियान। ।<br>▪ **ऑपरेशन सवेरा** - जोधपुर रेंज पुलिस और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में नशे के खिलाफ चलाया गया अभियान।<br>▪ **मानस अभियान** - हनुमानगढ़ जिले में युवाओं को जागरूक करने तथा नशे की रोकथाम के लिये चलाया गया अभियान।<br>▪ **एक पेड़ एक जिंदगी अभियान** - दैनिक भास्कर समूह ने जयपुर में औषधीय पौधों, देशी पौधों की प्रजातियों के मनुष्य जीवन और आजीविका में महत्त्व, संरक्षण, उपयोग और उपयोगिता के बारे में अधिक जागरूकता और संवेदनशीलता पैदा करने के लिये चलाया गया अभियान।<br>▪ **ऑपरेशन एंटी-वायरस** - राजस्थान के मेवात इलाके में पुलिस द्वारा साइबर अपराध और साइबर ठगी के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु चलाया गया अभियान।<br>▪ **मिशन सरहद संवाद** - बीकानेर जिले से सरहदी क्षेत्र के गाँवों में पहुँचकर ग्रामीणों से संवाद करने और उनकी समस्याएँ सुनने के लिये चलाया गया अभियान। । |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## अंगीकार अभियान, 2025

### चर्चा में क्यों?

- 4 सितंबर, 2025 को नई दिल्ली में आवास और शहरी कार्य मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 (PMAY-U2.0) के अंतर्गत लास्ट माइल आउटरीच अभियान "अंगीकार 2025" का शुभारंभ किया।






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- **संचालन :** देश के 5,000 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों (ULB) में 4 सितंबर, 2025 से 31 अक्टूबर, 2025 तक दो महीने की अवधि के लिए चलाया जा रहा हैं।

**उद्देश्य :**

- प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 की व्यापक जागरूकता और कार्यान्वयन में वृद्धि करना।
- योजना के अंतर्गत आवेदनों के सत्यापन में तेजी लाने और PMAY-U2.0 के अंतर्गत पहले से स्वीकृत घरों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए भी तैयार किया गया है।
- हितधारकों को निम्न आय आवास के लिए ऋण जोखिम गारंटी निधि ट्रस्ट (CRGFTLIH) योजना के बारे में सूचित करना।
- PMAY-U2.0 के लाभार्थियों को पीएम सूर्य घर: मुफ़्त बिजली योजना का लाभ प्रदान करना।

- **PMAY-U आवास दिवस:** अभियान के अंतर्गत PMAY-U2.0 के शुभारंभ के प्रथम वर्ष के उपलक्ष्य में 17 सितंबर, 2025 को PMAY-U आवास दिवस मनाया जाएगा।
- **प्रधानमंत्री आवास मेला – शहरी :** जिला मुख्यालयों तथा बड़े शहरों में नगर निगम स्तर पर प्रधानमंत्री आवास मेला - शहरी का आयोजन किया जाएगा।

**यह प्रमुख कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया जाएगा -**

- **पहला चरण :** 17 सितंबर, 2025 से 27 सितंबर, 2025 तक।
- **दूसरा चरण :** 16 अक्टूबर, 2025 से 31 अक्टूबर, 2025 तक।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

**प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 (PMAY-U2.0) :**

- **लक्ष्य :** 'सभी के लिए आवास'
- **शुरुआत :** सितंबर, 2024
- **वित्तीय सहायता :** शहरी भारत के एक करोड़ अतिरिक्त परिवारों को शहरों में पक्का मकान बनाने या खरीदने के लिए सरकार द्वारा ₹2.50 लाख तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सिंगापुर के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

## चर्चा में क्यों?

- 2 से 4 सितंबर, 2025 तक भारतीय प्रधानमंत्री के आमंत्रण पर, सिंगापुर गणराज्य के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने भारत की आधिकारिक यात्रा सम्पन्न की।



## मुख्य बिन्दु:

- वर्ष 2025 में दोनों देशों के मध्य राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगाँठ है।
- **परिणाम** : व्यापक रणनीतिक साझेदारी (CSP) ; 8 महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना।

| क्षेत्र | समझौता |
| --- | --- |
| कौशल विकास | चेन्नई (तमिलनाडु) में एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग के लिए नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का संयुक्त रूप से विकास किया जाएगा जो विमानन रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल तथा सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में उद्योग की जरूरतों को पूरा करेगा। |
| कनेक्टिविटी | सिंगापुर और भारत के मध्य भारत-सिंगापुर ग्रीन एंड डिजिटल शिपिंग कॉरिडोर (GDSC) की स्थापना। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| आर्थिक सहयोग | वर्ष 2025 में आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (AITIGA) की गहन समीक्षा।<br>भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग को समर्थन।<br>भारत-सिंगापुर पूँजी बाजार कनेक्टिविटी को बढ़ावा। |
| अंतरिक्ष | भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) और सिंगापुर के ऑफिस फॉर स्पेस टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्री के बीच संयुक्त सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।<br>**Note :** भारत, सिंगापुर निर्मित 20 से ज्यादा सैटेलाइट लॉन्च कर चुका है। |
| रक्षा और सुरक्षा सहयोग | क्वांटम कंप्यूटिंग, AI, ऑटोमेशन तथा मानव रहित पोत जैसे क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी सहयोग।<br>सीमा-पार आतंकवाद और आतंकवाद से निपटने के लिए सहयोग।<br>सिविल एविएशन में ट्रेनिंग, अनुसंधान और विकास में सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर। |
| संधारणीयता | अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर हरित पहलों पर सहयोग, ग्रीन हाइड्रोजन और अमोनिया उत्पादन में सहयोग, शहरी जल प्रबंधन तथा असैन्य परमाणु क्षेत्र में सहयोग। |
| डिजिटलीकरण | डिजिटल वित्त व फिनटेक सहयोग, UPI-पे नाउ लिंकेज की क्षमता का विस्तार, साइबर सुरक्षा, सूचना सुरक्षा, पूंजी बाजार की मजबूती। |
| स्वास्थ्य | डिजिटल स्वास्थ्य व रोग की निगरानी में सहयोग। |
| मानव संसाधन | सामाजिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच जुड़ाव को मजबूत करना। |
| समुद्री क्षेत्र | नवी मुंबई में PSA के भारत मुंबई कंटेनर टर्मिनल के दूसरे चरण का शुभारंभ किया है, जो भारत का सबसे बड़ा स्टैंडअलोन कंटेनर टर्मिनल बन जाएगा। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

- एक निवेशक के रूप में सिंगापुर भारत के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह का लगभग एक-चौथाई हिस्सा है।
- **16वीं रक्षा कार्य समूह बैठक :** 4 सितंबर, 2025 को सिंगापुर में भारत और सिंगापुर के मध्य 16वीं रक्षा कार्य समूह (Defence Working Group; DWG) बैठक का आयोजन किया गया।
- **भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन, 2025 :** अगस्त, 2025 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

### सिंगापुर गणराज्य :





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **ब्रिटेन से स्वतंत्र :** वर्ष 1963
- **सिंगापुर गणराज्य की राजधानी :** सिंगापुर शहर।

**अवस्थिति :**




- **व्यापार और आर्थिक सहयोग :** सिंगापुर आसियान में भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है ; यह भारत का छठा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार (2023-24) है।
- **भारत और सिंगापुर के मध्य द्विपक्षीय युद्ध अभ्यास :** अग्नि (थल सेना), सिम्बेक्स अभ्यास (नौसेना) और संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास ; JMT (वायु सेना)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## भारत की पवन ऊर्जा क्षमता

### चर्चा में क्यों?

- नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार, भारत ने 31 जुलाई, 2025 तक 52 गीगावाट की स्थापित पवन ऊर्जा क्षमता को हासिल कर लिया है।



### मुख्य बिन्दु:

- **देश की कुल स्थापित पवन ऊर्जा क्षमता :** 52,140 मेगावाट।

**राज्यों का योगदान :**

| राज्य | योगदान |
|---|---|
| गुजरात | 14,081 मेगावाट |
| तमिलनाडु | 11,851 मेगावाट |
| कर्नाटक | 7,760 मेगावाट |

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **ग्लोबल विंड रिपोर्ट, 2025 :** जारी : वैश्विक पवन ऊर्जा परिषद् (GWEC)।
- **कुल वैश्विक पवन ऊर्जा क्षमता :** 1,136 गीगावाट।
- **क्षेत्रीय प्रदर्शन :** चीन (70 प्रतिशत योगदान), संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राज़ील, भारत और जर्मनी
- **भारत का प्रदर्शन :** कुल संस्थापित पवन ऊर्जा क्षमता की दृष्टि से भारत विश्व स्तर पर चौथे स्थान पर है।
    - **राज्यवार वितरण :** मार्च, 2025 तक भारत में शीर्ष पवन ऊर्जा उत्पादक राज्य गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु हैं।
    - **अपतटीय पवन ऊर्जा क्षमता :** राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान के अनुसार गुजरात की 36 गीगावाट तथा तमिलनाडु की लगभग 35 गीगावाट अपतटीय पवन ऊर्जा क्षमता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## मेथान्डिएनोन लॉन्ग-टर्म मेटाबोलाइट (LTM) : रेफरेंस मटेरियल




### मुख्य बिन्दु:

- **शुभारंभ :** 4 सितंबर, 2025 को केंद्रीय युवा मामले एवं खेल और श्रम एवं रोजगार मंत्री ने राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (NDTL), नई दिल्ली में एक स्वदेशी रासायनिक संदर्भ सामग्री - मेथेन्डिएनोन लॉन्ग-टर्म मेटाबोलाइट (LTM) का शुभारंभ किया।
- **विकास :** राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (NIPER), गुवाहाटी और राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (NDTL), नई दिल्ली द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया।
- **उपयोगी :** यह खेलों में डोपिंग रोधी विश्लेषण में सहायक हैं।
- यह सभी विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में डोपिंग रोधी विश्लेषण के लिए आवश्यक एक महत्त्वपूर्ण रासायनिक मानक है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

### महत्त्वपूर्ण खनिज पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहन योजना

**चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने द्वितीयक स्रोतों से महत्त्वपूर्ण खनिजों के पृथक्करण और उत्पादन के लिए देश में पुनर्चक्रण क्षमता विकसित करने हेतु एक हजार पाँच सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी।**







उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- यह योजना राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन (NCMM) का एक हिस्सा है।
- **उद्देश्य :** महत्त्वपूर्ण खनिजों की घरेलू क्षमता और आपूर्ति श्रृंखला में लचीलेपन को बढ़ावा देना।
- **योजना की अवधि :** वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2030-31(6 वर्ष)।
- **लक्षित क्षेत्र :** ई-कचरा, लिथियम-आयन बैटरी (LIB) स्क्रैप, अन्य स्क्रैप।

### योजना के प्रावधान :

- पात्र फीडस्टॉक में ई-कचरा, लिथियम आयन बैटरी (LIB) स्क्रैप, और ई-कचरा तथा LIB स्क्रैप के अलावा अन्य स्क्रैप शामिल हैं।
- यह योजना नई इकाइयों में निवेश के साथ-साथ क्षमता विस्तार और मौजूदा इकाइयों के आधुनिकीकरण एवं विविधीकरण पर भी लागू होगी।
- यह योजना पुनर्चक्रण मूल्य श्रृंखला के लिए प्रोत्साहन प्रदान करेगी।
- **प्रोत्साहन की अधिकतम सीमा :**
  - **बड़ी इकाइयाँ :** अधिकतम ₹50 करोड़ (जिसमें ₹10 करोड़ ओपेक्स कैप शामिल)।
  - **छोटी इकाइयाँ :** अधिकतम ₹25 करोड़ (जिसमें ₹5 करोड़ ओपेक्स कैप शामिल)।

### सब्सिडी संरचना :

1. **कैपेक्स सब्सिडी (Capex Subsidy) :** निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर उत्पादन शुरू करने के लिए संयंत्र और मशीनरी, उपकरण और संबद्ध उपयोगिताओं पर 20 प्रतिशत कैपेक्स सब्सिडी शामिल होगी।

- निर्धारित समय सीमा के बाद उत्पादन शुरू होने पर सब्सिडी दर घट जाएगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

2. **ओपेक्स सब्सिडी (Opex Subsidy) :** आधार वर्ष (FY 2025–26) से अधिक बिक्री पर आधारित।

- **वर्ष 2:** पात्र परिचालन व्यय पर 40% सब्सिडी।
- **वर्ष 5:** निर्धारित बिक्री लक्ष्य प्राप्त होने पर शेष 60% सब्सिडी।
- **Note ;** ओपेक्स प्रोत्साहन अवधि : FY 2026–27 से FY 2030–31 तक।
- **महत्त्व :** लगभग 8 हजार करोड़ रुपये का निवेश आएगा और लगभग 70 हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन होंगी।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन (National Critical Mineral Mission – NCMM)**


- **शुरुआत :** जनवरी, 2025
- **अवधि :** 2024-25 से 2030-31 (7 वर्ष)।
- **संचालन :** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) के नेतृत्व में और खनन मंत्रालय के समन्वय में संचालित किया जा रहा है।

**उद्देश्य :**

- घरेलू और विदेशी स्रोतों से खनिज उपलब्धता सुनिश्चित करके भारत की महत्त्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करना।
- खनिज अन्वेषण, खनन, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण में नवाचार, कौशल विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी, विनियामक और वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाकर मूल्य श्रृंखलाओं को मजबूत करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महत्त्व :




## NCMM के घटक :





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) इंडिया रैंकिंग, 2025

### चर्चा में क्यों?

- 4 सितंबर, 2025 को केंद्रीय शिक्षा मंत्री द्वारा नई दिल्ली में राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) इंडिया रैंकिंग, 2025 जारी की गई।




### मुख्य बिन्दु:

- **संस्करण :** 10 वां।
- **मानदंड :** शिक्षण, अधिगम और संसाधन, अनुसंधान और व्यावसायिक अभ्यास, स्नातक परिणाम, आउटरीच और समावेशिता और धारणा आदि।
- **अनुमोदन :** मानव संसाधन विकास मंत्रालय।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **शुरुआत :** 29 सितंबर, 2015 से लॉन्च किया जा रहा हैं।

**समग्र शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेज :**

| रैंक | संस्थान | स्थान |
|---|---|---|
| 1st | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) मद्रास | चेन्नई, तमिलनाडु |
| 2nd | भारतीय विज्ञान संस्थान (IISC) बेंगलुरु | बेंगलुरु, कर्नाटक |
| 3rd | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) बॉम्बे | मुंबई, महाराष्ट्र |

**शीर्ष मेडिकल कॉलेज :**

| रैंक | संस्थान |
|---|---|
| 1st | एम्स, नई दिल्ली |
| 2nd | पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ |
| 3rd | क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज |

**शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेज :**

| रैंक | संस्थान | स्थान |
|---|---|---|
| 1st | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) मद्रास | चेन्नई, तमिलनाडु |
| 2nd | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) दिल्ली | नई दिल्ली |
| 3rd | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) बॉम्बे | मुंबई, महाराष्ट्र |
| 20th | बिरला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, पिलानी | झुंझुनू, राजस्थान |
| 28th | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), जोधपुर | जोधपुर, राजस्थान |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **प्रबंधन संस्थानों की श्रेणी में शीर्ष संस्थान :** भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद।
- **विधि संस्थानों की श्रेणी में शीर्ष संस्थान :** नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु।
- **शीर्ष रिसर्च इंस्टीट्यूट :** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मद्रास और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक छात्रों की संख्या को दोगुना करना है।
- क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 500 श्रेणी में 54 भारतीय संस्थान शामिल है।
- टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग में भारत की रैंकिंग वर्ष 2019 के 49वें स्थान से बढ़कर वर्ष 2024 में 113वें स्थान पर पहुँच गई है।
- भारत के छह IIM और दो बिज़नेस स्कूल अब फाइनेंशियल टाइम्स ग्लोबल MBA रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण पोर्टल एवं एप

## भारत का पहला वल्चर नॉलेज पोर्टल (गिद्ध ज्ञान पोर्टल) : असम

### चर्चा में क्यों?

- 2 सितंबर, 2025 को अंतरराष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस के अवसर पर असम में भारत का पहला वल्चर नॉलेज पोर्टल (गिद्ध ज्ञान पोर्टल) लॉन्च किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- **पोर्टल का विकास :** वी फाउंडेशन इंडिया के नेतृत्व में गुवाहाटी विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग, असम बर्ड मॉनिटरिंग नेटवर्क, LASA फाउंडेशन, सुरक्षा समिति और अन्य संरक्षण कार्यकर्ताओं के सहयोग से विकसित किया गया।
- **उद्देश्य :** शव विषाक्तता और डाइक्लोफेनाक को केंद्रित करते हुए असम के गुवाहाटी में पतली चोंच वाले गिद्ध संरक्षण के लिए शुरू किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **विशेषता :** भारत में विद्यमान गिद्धों की 9 प्रजातियों और उनके संरक्षण की स्थिति पर वैज्ञानिक डाटा प्रदान करेगा।
- **पोर्टल की भाषा :** असमिया

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **भारत गिद्धों की प्रजातियाँ :** 9 ; पतली चोंच वाला गिद्ध, सफेद पूँछ वाला गिद्ध, लाल सिर वाला गिद्ध, हिमालयी ग्रिफ़ॉन गिद्ध, मिस्री गिद्ध, सिनेरियस गिद्ध, भारतीय गिद्ध, दाढ़ी वाला गिद्ध, यूरेशियन ग्रिफ़ॉन गिद्ध।
- **संरक्षण पहल :** गिद्ध संरक्षण प्रजनन केंद्र (VCBC) - रानी (असम), पिंजौर (हरियाणा), भारत में गिद्ध संरक्षण के लिए कार्य योजना, 2020-2025 आदि।
- एशियाई राज गिद्ध (लाल सिर वाले गिद्ध) के लिए विश्व का पहला संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र "जटायु संरक्षण और प्रजनन केंद्र" महाराजगंज जिला, उत्तरप्रदेश में स्थापित किया गया।

**संरक्षण की स्थिति :**

- IUCN की लाल सूची; गंभीर रूप से संकटग्रस्त प्रजाति।
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972; अनुसूची 1 में सूचीबद्ध।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## थाईलैंड के नए प्रधानमंत्री : अनुतिन चार्नविराकुल

### चर्चा में क्यों?

- 5 सितंबर, 2025 को थाईलैंड की संसद ने भुमजैथाई पार्टी के नेता और स्वास्थ्य पूर्व मंत्री अनुतिन चार्नविराकुल को थाईलैंड का नया प्रधानमंत्री चुना।



### मुख्य बिन्दु:

- अनुतिन, कोविड के दौरान थाईलैंड के स्वास्थ्य मंत्री रहे तथा वर्ष 2022 में गांजे को अपराधमुक्त करने के समर्थन के कारण उन्हें 'कैनबिस किंग' कहा जाने लगा।

अगस्त, 2024 के बाद 4 प्रधानमंत्री ने शपथ ली-

| प्रधानमंत्री का नाम | पद ग्रहण | कार्यकाल |
|---|---|---|
| पैतोंगतार्न शिनावात्रा | 16 अगस्त, 2024 | 378 दिन |
| सुरिया जंगरूंगरेंगकिट | 1 जुलाई, 2025 | 2 दिन |
| फुमथम वेचयचाई | 3 जुलाई, 2025 | 64 दिन |
| अनुतिन चार्नविराकुल | 5 सितंबर, 2025 | - |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

### थाईलैंड :




- **राजधानी :** बैंकॉक
- **मुद्रा :** थाई बात (THB)
- **आधिकारिक भाषा :** थाई
- **धर्म :** थेरवाद बौद्ध धर्म

### थाईलैंड में विश्व धरोहर स्थल :

- ऐतिहासिक शहर अयुत्या (Ayutthaya)।
- सुखोथाई (Sukhothai) ऐतिहासिक पार्क।
- **वाट फो (Wat Pho):** बैंकॉक में स्थित लेटे हुए बुद्ध का मंदिर।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **प्रासात ता मुएन (प्रीह विहार) मंदिर :** हाल ही में, थाईलैंड और कंबोडिया की सीमा पर डांगरेक पहाड़ियों में स्थित 900 वर्ष पुराने प्रासात ता मुएन (शिव मंदिर) पर अधिकार को लेकर दोनों देशों के मध्य सैन्य संघर्ष की शुरुआत हुई थी।
- **यूनेस्को विश्व धरोहर :** वर्ष 2008 में कंबोडिया ने प्रासात ता मुएन/प्रीह विहार मंदिर को यूनेस्को विश्व धरोहर घोषित करवाया, जिसके कारण थाईलैंड ने इसका विरोध किया।
- **निर्माण :** 12वीं शताब्दी में खमेर साम्राज्य के शासक उदयादित्यवर्मन द्वितीय द्वारा।

**विशेषताएँ:**

- यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।
- यह आयताकार मंदिर मुख्य रूप से लेटराइट (एक प्रकार की टिकाऊ लाल मिट्टी) और बलुआ पत्थर से बना है।
- इसमें एक वर्गाकार मुख्य प्रासात है, जो बलुआ पत्थर और लेटराइट से बना है। इसके दाईं ओर पुस्तकालय है जिसके चारों ओर लेटराइट की दीवारें हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, 2025

### चर्चा में क्यों?

- 5 सितंबर, 2025 को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन (1888-1975) की जयंती के उपलक्ष्य में (राष्ट्रीय शिक्षक दिवस) नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार वितरण समारोह में शिक्षा मंत्रालय ने देश के कुल 45 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, 2025 से सम्मानित किया।




### मुख्य बिन्दु:

- **चयन :** त्रि-स्तरीय ऑफ़लाइन प्रक्रिया (जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर) के आधार पर-
  - o शिक्षा की गुणवत्ता प्रबंधन में योगदान।
  - o नवीन शिक्षण पद्धतियाँ।
  - o दान और नवीनता।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **कुल सम्मानित शिक्षक :** 45 (पुरुष शिक्षक ; 24 तथा महिला शिक्षक ; 21)।

| नाम | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश/संगठन |
|---|---|
| नीलम यादव | राजस्थान (GSSS, टपूकड़ा) |
| संतोष कुमार | नवोदय विद्यालय समिति |
| किशोरकुमार M. S. | केरल |
| मधुरिमा तिवारी | उत्तर प्रदेश |
| रामलाल सिंह यादव | उत्तर प्रदेश |
| मंजुबाला | उत्तराखंड |
| डॉ. शेख मोहम्मद वकीउद्दीन शेख हामिदुद्दीन | महाराष्ट्र |
| तरूण कुमार दास | शिक्षकीय विद्यालय संगठन |
| भाविनीबेन दिनेशभाई नौकरानी | दादूरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीवान |
| सोनिया विकास कपूर | एटोमिक एनर्जी एजुकेशन सोसाइटी |
| कंधन कुमार सेन | अंडमान एवं निकोबार |

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

**राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार**

- स्थापित : वर्ष 1958
- प्रदान : प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस (5 सितंबर) पर।
- प्रदानकर्त्ता : राष्ट्रपति अथवा उपराष्ट्रपति (शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से)।
- पुरस्कार सामग्री : योग्यता प्रशस्ति-पत्र, 50,000 रुपए का नकद पुरस्कार और एक रजत पदक।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन :

- **जन्म : 5 सितंबर, 1888 को तमिलनाडु में।**

### योगदान :

- **दार्शनिक क्षेत्र में इन्हें भारत और पश्चिम के बीच सेतु-निर्माता के रूप में मान्यता प्राप्त है।**
- **वर्ष 1952 से 1962 तक भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और वर्ष 1962 से 1967 तक भारत के दूसरे राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया।**
- **सम्मान : वर्ष 1931 में नाइटहुड तथा वर्ष 1984 में मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप, 2025

### चर्चा में क्यों?

- 16 से 30 अगस्त, 2025 तक कजाकिस्तान के श्यामकेंट में 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप, 2025 का आयोजन किया गया, जिसमे भारत 99 पदकों के साथ पहली बार शीर्ष स्थान पर रहा।




### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजक :** एशियाई निशानेबाजी परिसंघ।
- **पहली बार आयोजन :** वर्ष 1967 में।
- **भारत का प्रदर्शन :** 99 पदक (50 स्वर्ण, 26 रजत और 23 कांस्य पदक)।

**पदक तालिका :**

| रैंक | देश | कुल पदक |
|---|---|---|
| 1st | भारत | 99 |
| 2nd | कजाकिस्तान | 70 |
| 3rd | चीन | 37 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### उल्लेखनीय उपलब्धियाँ :

| खिलाड़ी | उपलब्धि |
|---|---|
| अंकुर मित्तल | पुरुषों की डबल ट्रैप स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। |
| नीरू ढांडा | महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण दिलाया। |
| मनु भाकर | तीन कांस्य पदक (एक व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता)। |
| ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर | 50 मीटर राइफल थ्री-पोज़िशन में खिताब बरकरार रखा। |
| एलावेनिल वालारिवन | महिला एयर राइफल में एशियाई रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक और मिश्रित टीम स्पर्धा में अर्जुन बाबूता के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। |
| शिफ़्त कौर समरा | महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री-पोज़िशन में पहला एशियाई खिताब जीता। |

UTKARSH

### अन्य खिलाड़ी :

| | |
|---|---|
| भारतीय पुरुष एयर राइफल टीम (अर्जुन बाबूता, रुद्राक्ष पाटिल और किरण जाधव) | पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। |
| अनंतजीत सिंह नरुका | पुरुष स्कीट स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।<br>यह टूर्नामेंट के मौजूदा संस्करण की सीनियर कैटेगरी में भारत का पहला गोल्ड है।<br>नरुका का एशियन चैम्पियनशिप में यह पहला व्यक्तिगत स्वर्ण भी है। |
| भौनीश मेंदीरत्ता | पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में भौनीश मेंदीरत्ता ने रजत पदक जीता। |
| गुरप्रीत सिंह | पुरुषों की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता। |

- **अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :** 15वीं एशियाई चैंपियनशिप (दक्षिण कोरिया, चांगवोन) : भारत के कुल पदक ; 64 पदक।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR